ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL
A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
MODEL ANSWERS - 2019

FOR GOD AND COUNTRY

Sub : Hindi Text + Gr. **Class II B** **F. M. : 45**

Date : 17.04.2019

काम सफाई से करें। अशुद्धियों के लिए अंक काट लिए जाएँगे।

खण्ड क

I. नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखे : (3)

क) वातावरण - वायुमंडल

ख) घटना - वारदात

ग) संकट - मुसीबत

II. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखे : (3)

क) दिन में एक बार होने वाला - दैनिक

ख) जो व्यक्ति खेती करता है - किसान

ग) जो व्यक्ति विदेश का हो - विदेशी

III. नीचे लिखे वर्ण से शुरु होने वाले दो-दो शब्द लिखे : (2)

ओ - ओखली ओस

IV. विलोम शब्द लिखो : (2)

कड़वा - मीठा

शत्रु - मित्र

खण्ड ख

V. नीचे दिए शब्दो के दो-दो पर्याचवाची शब्द लिखो : (3)

सूर्य - सूरज, रवि

पानी - नीर, जल

VI. मेमना किससे मिलने के लिए जाना चाहता था? उसे रास्ते में कौन-कौन से जानवर मिलें। (1+2)

उत्तर : मेमना अपनी नानी से मिलने के लिए जाना चाहता था। उसे रास्ते में सियार, भेड़िया, भालू, चीता, बाघ और शेर मिले।

VII. किस राजा ने श्रवण कुमार पर बाण चलाया तथा बाण लगने पर उनकी क्या प्रतिक्रिया रही ? (1+2)

उत्तर : राजा दशरथ ने श्रवण कुमार पर बाण चलाया तथा बाण लगने पर उन्हे बहुत पश्चाताप हुआ ओर उन्होने श्रवण कुमार से क्षमा माँगी।

VIII. नीचे दिए गए गद्यांश में संज्ञा छाँटका उन्हे रेखांकित करे। (3)

मेरी माताजी कल मुझ बाज़ार ले कर गई। वहाँ मैने एक बिल्ली को दूध पीते हुए देखा। मैने उसे प्यार से मेज़ पर बिठा दिया।

IX. हिन्दी में कितने स्वर वर्ण है। उन्हे लिखे। (3)

उत्तर : हिन्दी में ग्यारह स्वर वर्ण है।

अ, आ, इ, ई

उ, ऊ, ए ऐ

ओ, औ, ऋ

खण्ड ग

X. कविता की पंक्तियाँ पूरी करे : (5)

मेघ गरजते रहें,

मेघ बरसते रहें।

बिजलियाँ चमक उठें,

ब्रिजलियाँ तड़क उठें।

वीर तुम बढ़े चलो।

धीर तुम बढ़े चलों।

XI. पेड़ लगाने के काई पाँच लाभ लिखे : (5)

उत्तर : पेड़ों की हरियाली हमारे वातावरण को शुद्ध बनाए रखती है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं। पेड़ो की छाया हमे शीतलता देती है। पेड़ हमें खाने को फल देते है। पेड़ अनेक पक्षियों को घर देते है।

XII. श्रवण कुमार के माता पिता का शाप सच कैसे हुआ ? (5)

उत्तर : राजा दशरथ के चार पुत्र थे। राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न। जब राम, सीता और लक्ष्मण चौदह वर्ष के लिए वन चले गए तब उनके वियोग में राजा दशरथ ने तड़प-तड़प कर प्राण त्याग दिए। इस प्रकार श्रवण कुमार के माता-पिता का शाप सच हो कर रहा।

XII. अपठित गद्यांश : (5)

दीपावली रोशनी का त्योहार है। हम इस त्योहार को अपने परिवार के साथ खूब धूमधाम से मनाते हैं। यह त्योहार भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष के बनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन सब नए कपड़े पहनकर रात को अपने-अपने घरो में दिये जलाते हैं। रात में लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा की जाती है।

क) दीपावली क्यों मनाई जाती है? (1)

उत्तर : दीपावली इसलिए मनाई जाती है क्योंकि भगवान श्रीराम चौदह वर्ष के बनवास के बाद सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे।

ख) रात में किसकी पूजा की जाती है? (1)

उत्तर : रात में लक्ष्मी-गणेश की पूजा की जाती है।

ग) चौदह शब्द को हिन्दी अंक में लिखो। (1)

उत्तर : १४

घ) 'दिन' शब्द का विलोम शब्द लिखे। (1)

उत्तर : 'दिन' शब्द का विलोम शब्द 'रात' है।

ड.) खुशी शब्द से वाक्य बनाए। (1)

उत्तर : अपनी नानी को अचानक देखकर मुझे बहुत खुशी हुई।

Sangeeta Khosla
17/4/19